## महत्वपूर्ण एवं खास

### नशीली कफ सिरप बिक्री मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले के कुम्हारी थाना पुलिस ने नशीली कफ सिरप मामले में फ रार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस आरोपी से एक ड्रग सप्लाई करने के लिए इस्तेमाल की जा रही कार भी जब्त किया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 01.12.2024 को पुलिस को सूचना मिली थी कि कुम्हारी क्षेत्र जंजगीरी प्रीबी ढाबा के पास बड़ी मात्रा में नशीली कफ सिरप बेचने का काम किया जा रहा है। थाना प्रभारी कुम्हारी निरीक्षक जेआर कुर्रे के निर्देशन में घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ा गया। पुछताछ में आरोपियों ने अपना नाम संदीप सिंह पिता वीर सिंह मुंडा पंजाबी उम्र 32 साल पता दादर रोड शिव मंदिर के पास चरोदा थाना पुरानी भिलाई तथा सोहेल खान पिता स्वर्गीय जमील खान उम्र 28 साल निवासी भिलाई-03, नूतन चौक गतवा तालाब के पास थाना पुरानी भिलाई जिला दुर्ग का रहने वाला बताया। इनके पास से रिलेक्स ड्राई कफ फार्मूला सीरफ का बाटल 35 नग, ब्लूरेक्स कफ सीरफ का बाटल 11 नग एव रिलेक्स कफ सीरफ का बाटल 17 नग कुल 63 नग सीरफ बाटल को एक मोटरयसायकल बजाज प्लसर क्रमांक सीजी 04-एचडब्लू- 7443 के अवैध रूप से बिक्री करते पाये जाने से आरोपियो को दिनांक 01.12.2024 को गिरफतार कर जेल भेजा गया था। वहीं मामले में अन्य आरोपी सौरभ कामडे पिता स्वर्गीय भुवनलाल कामडे उम्र 30 साल निवासी ग्राम मर्रा थाना उतई जिला दुर्ग फरार था। जिसे पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके पास से कप सिरफ बिक्री हेतु उपयोग करने वाले मारूती सुजकी वेगनकार क्रमांक सीजी 07-एक्यू-8632 जब्त कियसा गया।

### सरकारी कर्मचारियों को धमकाने वाले व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों में जीएसटी की दबिश

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य कर निरीक्षकों को शासकीय कार्य के दौरान व्यवसायियों द्वारा धमकाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए इस पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि राज्य कर जीएसटी विभाग द्वारा बोगस फर्मों, संदिग्ध फर्मों की पहचान के लिए रिस्क पैरामीटर के आधार पर ऐसे फर्मों की पहचान कर भौतिक सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। विभाग के निर्देश पर निरीक्षकों द्वारा रायपुर स्थित मेसर्स योगेश कमर्शियल, महेश कालोनी, गुढियारी के मुनीश कुमार शाह एव मेसर्स जगन्नाथ कन्स्ट्रक्शन, दलदल सिवनी के राहुल शर्मा के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर व्यवसाय के भौतिक सत्यापन हेतु राज्य कर निरीक्षक रितु सोनकर और होमेश वर्मा को निर्देशित किया गया था। आदेश के परिपालन में कर निरीक्षक भौतिक सत्यापन करने गये थे, लेकिन उक्त दोनों व्यवसायियों के द्वारा निरीक्षकों के साथ दुव्र्यवहार करते हुए धमकी दिया गया जिससे व्यवसाय के भौतिक सत्यापन के शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने व्यवसायियों के इस कृत्य को गंभीरता से लिया गया। वहीं विभाग द्वारा व्यवसायियों के द्वारा किए गए इस व्यवहार की पड़ताल की। कर अपवंचन और जीएसटी अधिनियम के प्रावधानो का पालन नहीं करने पर आज विभाग ने दोनों फर्मो के प्रतिष्ठानों पर जांच जब्ती की कार्यवाही की गई। विभाग द्वारा शासकीय कार्यों में बाधा पहुंचाने एवं अधिकारियों को धमकाने के लिए उक्त व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है।

### शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**रायपुर (आरएनएस)।** देवपुरी में शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवपुरी निवासी 27 वर्षीय प्रार्थिया ने राजेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि आरोपी श्रीकांत श्रीवास्तव ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। जिसके बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की ऐतिहासिक पहल : 8 बैंकों के साथ सैलरी पैकेज के लिए हुआ समझौता

**❑ पुलिस कर्मियों के लिए आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का बनेगा मजबूत आधार - मुख्यमंत्री साय**

रायपुर | आरएनएस




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 8 प्रमुख बैंकों के साथ पुलिस सैलरी पैकेज के तहत समझौता (एमओयू) किया है। इस समझौते में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, कैनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और आईडीबीआई बैंक शामिल हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस पहल को पुलिस कर्मियों के लिए सुरक्षा और सहयोग का एक मजबूत आधार बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता पुलिस विभाग के कर्मचारियों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह समझौता न केवल पुलिस कर्मियों को आर्थिक रूप से सशक्त करेगा, बल्कि उनके परिवारों की आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा। यह पहल छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन और पारदर्शिता की नीति को और मजबूत करेगी और पुलिस कर्मियों के कार्यक्षमता और मनोबल में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस पहल को पुलिस विभाग के कल्याण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को यह स्वतंत्रता दी गई है कि वे अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार किसी भी बैंक में सैलरी खाता खोल सकते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार की बाध्यता या अतिरिक्त शुल्क नहीं होगा। सभी बैंकों से प्राप्त प्रस्ताव पुलिस इकाइयों को भेजे जाएंगे ताकि पुलिस कर्मी अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सबसे उपयुक्त बैंक का चयन कर सकें। यह समझौता पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के लिए कई लाभ प्रदान करेगा। इसमें सामान्य मृत्यु के मामलों में रु. 1 लाख से रु. 10 लाख तक की जीवन बीमा राशि, दुर्घटना में मृत्यु के मामलों में रु. 10 लाख से रु. 1 करोड़ तक की सहायता, स्थायी विकलांगता के मामलों में रु. 30 लाख से रु. 1 करोड़ तक और आंशिक विकलांगता के लिए रु. 22.5 लाख से रु. 1 करोड़ तक की बीमा राशि का प्रावधान शामिल है। बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए रु. 4 लाख से रु. 20 लाख तक और कन्या विवाह के लिए रु. 5 लाख से रु. 10 लाख तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध होगी। नक्सल हिंसा में शहीद होने वाले पुलिस कर्मियों के परिवारों के लिए रु. 10 लाख से रु. 50 लाख तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## धमतरी से कोंडागांव तक नई रेल लाइन के सर्वे को मिली मंजूरी

**❑ रावघाट-जगदलपुर ट्रैक को लेकर भी आया अपडेट**

रायपुर/कांकेर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ में रेल कनेक्टीविटी बढ़ाने पर लगातार काम हो रहा है। इस बीच छत्तीसगढ़ में एक नई रेलवे लाइन के लिए सर्वे को मंजूरी मिल गई है। धमतरी से कोंडागांव तक 183.19 किमी नई रेलवे लाइन के लिए रेल मंत्रालय द्वारा सर्वे को मंजूरी दी गई है। बुधवार को केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने रावघाट परियोजना पर भी लेटेस्ट अपडेट साझा किया।

दरअसल कांकेर सांसद भोजराज नाग ने लोकसभा में प्रश्न रखा कि क्या धमतरी रेलवे लाइन को कांकेर शहर से छत्तीसगढ़ के जादलपुर तक विस्तारित करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है? सांसद भोजराज नाग के सवाल पर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपना जवाब सदन में रखा। इस दौरान उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी में सुधार लाने के लिए कदम उठाए हैं। इसके तहत, दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना (कुल लंबाई 235 किमी) को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

**रावघाट परियोजना 77 किमी पूरा-** केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दल्लीराजहरा से रावघाट 95 किमी का प्रथम चरण पूर्णता की ओर है। इस चरण में दल्लीराजहरा से ताडोकी तक 77 किमी तक की लाइन चालू कर दी गई है। इस परियोजना पर 31 मार्च 2024 तक कुल ?1,028 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। इसी प्रकार रावघाट से जगदलपुर 140 किमी तक रेलवे लाइन दूसरे चरण में बिछाई जानी है। इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है।

धमतरी से कोंडागांव तक 183.19 किमी बिछेगी रेल लाइन

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसके अतिरिक्त कांकेर जिले की रेल कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए, धमतरी से कोंडागांव तक 183.19 किमी नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। यह नई लाइन बंस्कोट और अमरावती होते हुए गुजरेगी। इस रेलवे ट्रैक का काम पूरा होने के बाद कांकेर क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

## मंदिरों में चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

**डोंगरगढ़-रायपुर (आरएनएस)।** प्रार्थी दीपक कुमार साहू पिता स्व0 ईश्वर लाल साहू उम्र- 44 साल निवासी ग्राम चिद्दो थाना डोंगरगढ़ ने दिनांक- 03.12.2024 को थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि ग्राम चिद्दो से डोंगरगढ़ आने वाले रोड किनारे नाला पुल के पास स्थित एक सार्वजनिक पुरानी मंदिर जिसमें गणेश जी का मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हनुमान जी का मूर्ति विराजमान किया गया था। दिनांक- 03.12.2024 को सुबह पूजा करने आया तो देखा कि हनुमान भगवान का मुर्ति नहीं था इससे पहले दिनांक- 01.12.2024 को गणेश मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति एवं बैल मूर्ति नहीं था, दिनांक- 03.12.2024 को हनुमान जी का मूर्ति नहीं होने पर शंका हुआ कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है एवं पुजा सामान को बिखेर दिया है, धार्मिक भावना को ठेस पंहूचा है कि रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अप0क्र0- 642/2024 धारा- 299, 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये मुर्तियों के पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन में थाना डोंगरगढ़ एवं सायबर सेल राजनांदगांव का टीम गठित किया गया था उक्त दोनों टीम साथ मिलकर अलग-अलग एंगल से अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये मुर्तियों के पता तलाश में जुट गये जिस पर गठित टीम को सूचना मिला कि ग्राम बछेराभाठा निवासी भूवन चन्द्रवंशी अपने घर में मूर्ति रखा है कि सूचना मिलने पर भूवन चन्द्रवंशी पिता उदयराम चन्द्रवंशी उम्र- 35 साल निवासी बछेराभांठा थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ0ग0 का पता-तलाश कर पुछताछ किया जो आरोपी अपने मोटर सायकल से ग्राम चिद्दो आकर ग्राम चिद्दो-डोंगरगढ़ मार्ग के रास्ते में नाला के पास शिव मंदिर, हनुमान मंदिर में रखे गणेश जी की मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हुनमान जी के मूर्ति को चोरी कर अपने घर के आलमारी में छुपाकर रखा हूँ बताने पर पुलिस आरोपी के घर पंहूचकर आरोपी के घर अन्दर रखे आलमारी से गणेश जी की मूर्ति, शिवलिंग मूर्ति, बैल मूर्ति एवं हुनमान जी के मूर्ति को बरामद कर मोटर सायकल क्र0- सीजी 05 ई 7740 सहित जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## अलर्ट मोड पर बस्तर पुलिस : गृहमंत्री अमित शाह 13 को आएंगे, पेट्रोलिंग और गस्त बढ़ाई गई

जगदलपुर | आरएनएस

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आगामी 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ आएंगे। इस दौरान शाह बस्तर दौरे पर जाएंगे। जिसे देखते हुए बस्तर पुलिस हाई अलर्ट हो गई है। इसके लिए एसपी ने बैठक लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। वहीं गृहमंत्री के दौरे को देखते हुए पेट्रोलिंग और गश्त को भी बढ़ा दिया गया है।

दरअसल, अगामी 13 दिसम्बर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान गृहमंत्री शाह बस्तर के दौरे पर भी जाएंगे। जहां पर वे बस्तर ओलंपिक खेल समापन कार्यक्रम में शामिल हो होंगे। वहीं गृहमंत्री के दौरे को लेकर बस्तर पुलिस अलर्ट मोड़ में है। बस्तर एसपी ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर सतर्क रहने के निर्देश जारी किए है।

सर्चिंग के दौरान पुलिस जवान

सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जा रही

वहीं बस्तर एसपी ने बताया कि, गृहमंत्री का दौरा बस्तर में हो सकता है फिलहाल अभी उनका प्रोटोकॉल नहीं आया है। लेकिन दौरे को देखते हुए बस्तर में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाई जा रही है। साथ ही पेट्रोलिंग और गश्त को भी बढ़ा दिया गया है। आगे एसपी ने कहा कि, गृहमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा महकमा को अलर्ट किया गया है।

## 700 बिस्तरीय एकीकृत नवीन अस्पताल भवन निर्माण के लिए 231 करोड़ रूपए का ई टेंडर सीजीएमएससी ने किया जारी

**❑ मुख्यमंत्री साय के सुशासन में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर एक और बड़ा कदम**

**❑ डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर परिसर (मेकाहारा) में होगा निर्माण**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के रूप में तरक्की और सुशासन का ये सफर लगातार आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में रायपुर के मेकाहारा में बढ़ते मरीजों का दबाव कम करने के लिए परिसर में 700 बिस्तरीय एकीकृत नवीन अस्पताल भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है । उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के बजट में मेकाहारा परिसर में 700 नवीन एकीकृत अस्पताल का प्रावधान किया था जिसके निर्माण की प्रक्रिया अब शुरू कर दी गयी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में इलाज के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सके इसके लिए लगातार पूंजीगत व्यय के निर्णय लिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और नई सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दे रहे है। मेकाहारा परिसर में 700 बिस्तरीय नवीन एकीकृत अस्पताल भवन के लिए 231 करोड़ रूपए के ई-टेंडर जारी होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का इजाफा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होने कहा है कि इस एकीकृत अस्पताल के निर्माण से मेकाहारा अस्पताल के अतिरिक्त भी लोगों के पास सर्वसुविधा वाला अस्पताल रहेगा। इसमें रायपुर सहित सम्पूर्ण प्रदेश के लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा।

ई टेंडर के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी सीजीएमएससी की वेबसाइट पर 10 दिसंबर से उपलब्ध रहेगी । इसके लिए प्री-बिड मीटिंग 19 दिसंबर को सीजीएमएससी मुख्यालय में सुबह 11 बजे होगी। आनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 2 जनवरी 2025 तक होगी और 6 जनवरी 2025 को यह टेंडर खुलेगा।

## अपराध समीक्षा बैठक: लंबित मामलों के निराकरण और अपराध नियंत्रण पर एसपी के निर्देश

**❑ अवैध गतिविधियों पर निगाह रखने और शराब, जुआ, सट्टा के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश**

**❑ मॉनिटरिंग पोर्टल्स अपडेट कर अपराधों की तकनीकी निगरानी के दिए निर्देश**

रायगढ़

दिनांक 6 दिसंबर 2024 को शाम 4 बजे पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना और चौकी प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा और आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर अहम बैठक की।

बैठक में गत माह की अपराध समीक्षा की गई, जिसमें अपराध, शिकायत, मर्ग और गुम इंसान प्रकरणों की थानावार स्थिति का मूल्यांकन किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले थाना प्रभारियों को पुरस्कृत किया गया, पेंडिंग प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के लिए विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने एक वर्ष से अधिक लंबित मामलों में मार्गदर्शन कर पर्यवेक्षण अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रकरणों का निकाल कराने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों को सप्ताह में दो बार थाना और चौकी में बैठक कर लंबित मामलों में विवेचकों को मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, थाना प्रभारियों को प्रतिदिन विवेचकों को स्पष्ट टास्क सौंपने और अपराध व पेंडिंग चालान निपटाने की जिम्मेदारी दी गई।

बैठक में मॉनिटरिंग पोर्टलों को अपडेट रखने और पासपोर्ट व अन्य नागरिक सेवाओं के ऐप की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। अवैध शराब, जुआ और सट्टा जैसी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई के आदेश भी दिए गए।

आगामी नगरीय निकाय चुनावों के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक ने थानाक्षेत्रों में संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की दृष्टिगत थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में लगातार गश्त करने और सभी गतिविधियों पर निगरानी बनाए रखने की सलाह दी गई।

बैठक के दौरान, अपराध विवेचना और आरोपियों की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अपराध समीक्षा बैठक में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, रामगोपाल करियारे, एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल, एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी, डीएसपी अनामिका जैन, ट्रैफिक डीएसपी रमेश चंद्रा, सहित सभी थाना और चौकी प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय के शाखा प्रमुख उपस्थित रहे।

## चक्रधरनगर पुलिस और साइबर सेल की टीम ने जुआ अड्डे पर मारा छापा, 13 गिरफ्तार, 26,430 रुपए और कार जब्त

रायगढ़



आधी रात को पुलिस ने जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विजयपुर के एक मकान में छापा मारा और 13 आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया।एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर डीएसपी अभिनव उपाध्याय और टीआई प्रशांत राव के नेतृत्व में साइबर सेल और चक्रधरनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने की।

बीते रात्रि गस्त दौरान डीएसपी अभिनव उपाध्याय और टीआई प्रशांत राव के नेतृत्व पर साइबर सेल और चक्रधरनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विजयपुर के एक मकान पर जुआ रेड की कार्यवाही की गई। डीएसपी अभिनव उपाध्याय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बोईरदादर चौक के आगे विजयपुर में ओमप्रकाश मिश्रा अपने घर पर बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर जुआ खिला रहा है। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर डीएसपी अभिनव द्वारा थाना चक्रधरनगर और साइबर सेल की संयुक्त टीम का बनाकर रात्रि करीब 2:00 बजे मुखबिर के बताए स्थान की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जहां ओम प्रकाश शर्मा समेत 13 व्यक्तियों को जुआ खेलते पुलिस टीम ने रंगे हाथ पकड़ा।आरोपियों के कब्जे से रु.26,430 रुपए नगद 12 मोबाइल और एक ग्रैंड विटारा कार की जप्ती की गई है। आरोपियों पर थाना चक्रधरनगर में धारा 4,5 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

पुलिस की जब्ती- नगद राशि: रु.26,430, मोबाइल: 12 नग, कार: ग्रैंड विटारा, ताश की गड्डी: 52 पत्तों की गड्डी

**गिरफ्तार जुआडियान-**

1. ओम प्रकाश मिश्रा पिता अनिल कुमार मिश्रा उम्र 24 वर्ष साकिन विजयपुर थाना चक्रधरनगर रायगढ़ 2. रामु बंजारे पिता स्व. साधराम बंजारे उम्र 36 वर्ष साकिन मौधापारा थाना जूटमिल 3. नबीम अहमद पिता सकील अहमद उम्र 30 वर्ष साकिन मधुबन पारा थाना कोतवाली जिला रायगढ़ 4. सुलतान मिर्जा पिता अहमद मिर्जा उम्र 26 वर्ष साकिन चांदमारी थाना कोतवाली जिला रागयढ 5. अरूण जायसवाल पिता धनेश्वर जायसवाल उम्र 30 वर्ष साकिन कबीर चौक थाना जूटमिल 6. अनिल देवांगन पिता तीजराम देवांगन उम्र 39 वर्ष साकिन हाउसिंग बोर्ड कालोनी चक्रधरनगर थाना चक्रधरनगर 7. मो0 वसीम पिता बरकत मो0 उम्र 39 वर्ष साकिन बीडपारा थाना कोतवाली जिला रागयढ 8. प्रशांत मिश्रा पिता सुकदेव मिश्रा उम्र 22 वर्ष साकिन गोपालपुर थाना चक्रधरनगर जिला रागयढ़ 9. अमित सिदार पिता रोहित सिदार उम्र 32 वर्ष साकिन गोढी थाना तमनार जिला रागयढ़ 10. चन्द्रदेव चौहान पिता चक्रधर चौहान उम्र 30 वर्ष साकिन महलोई थाना तमनार जिला रागयढ़ 11. किशन महिलाने पिता स्व0 सुकालु महिलाने उम्र 36 वर्ष साकिन मौधापारा थाना जूटमिल 12. चतुर सिंह सिदार पिता स्व0 बलीराम सिदार उम्र 41 वर्ष साकिन बाजार पारा तमनार थाना तमनार जिला रागयढ़ 13. स्वयं बहिदार पिता दुपत बहिदार उम्र 26 वर्ष साकिन बाजार पारा तमनार जिला रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU